SJU Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 14 जुलाई 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 285

## मार्केट में फंदे पर लटका मिला बीजेपी विधायक की लाश

### पार्टी ने लगाया हत्या का आरोप

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के दिनाजपुर में मार्केट में भाजपा विधायक देवेंद्र नाथ रॉय का शव लटका हुआ मिला है। यह हादसा विधायक के गांव बिंदल में हुआ। भाजपा ने इसे हत्या बताया है। देवेंद्र सीपीएम से भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की सदस्यता ली थी।

प. बंगाल भाजपा ने कहा, उत्तर दीनाजपुर की रिजर्व सीट हेमताबाद से भाजपा विधायक देवेंद्र नाथ का शव उनके गांव बिंदल में रस्सी से लटका मिला। पार्टी ने कहा, लोगों का इस बारे में स्पष्ट कहना है कि पहले उनकी हत्या की गई, इसके बाद उन्हें लटका दिया गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। साथ ही बीजेपी नेता राहुल सिन्हा ने टीएमसी पर हत्या का आरोप लगाते हुए सीएम ममता बनर्जी से इसकी सीबीआई जांच की मांग की है।



पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। आसपास को लोगों का स्पष्ट मानना है कि बीजेपी विधायक की पहले हत्या कर दी गई और बाद में शव को दुकान से लटका दिया गया। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने विधायक के शव मिलने पर कहा, हम हेमाबाद के भाजपा विधायक देबेंद्र नाथ रॉय की हत्या की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। तृणमूल कांग्रेस इस हत्या के पीछे है और उसने इसे आत्महत्या जैसा बना दिया है। मैं पश्चिम बंगाल के सीएम से अनुरोध करता हूं कि हत्या के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए सीबीआई जांच का आदेश दें।

देवेंद्र नाथ रॉय 2016 में सीपीआईएम के टिकट पर उत्तर दिनाजपुर जिले के हेमटाबाद विधानसभा सीट से चुनाव जीते थे, लेकिन बाद में वे 2019 में बीजेपी में शामिल हो गए।

## गहलोत सरकार के पास है पूर्ण बहुमतः सुरजेवाला



**जयपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस के मुख्य वक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक से पहले संवाददाताओं से बातचीत में सुरजेवाला ने कहा, गहलोत सरकार स्थिर है, उसके पास पूर्ण बहुमत है और वह पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बगावती तेवरों के बारे में सुरजेवाला ने कहा कि बीते 48 घंटे में कांग्रेस नेतृत्व की पायलट से कई बार बात हुई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी का किसी से कोई मतभेद है तो उसे पार्टी के मंच पर उठाया जा सकता है और ... कांग्रेस के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अर्जेंटीना में कोरोना संक्रमण के आंकड़े एक लाख से पार

**ब्यूनस आयर्स ।** अर्जेंटीना में कोरोना वायरस (कोविड 19) के संक्रमण का आंकड़ा एक लाख से अधिक हो गया है और 1845 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 2657 मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 1,00,166 हो गयी है। कोरोना पीड़ित लोगों में 700 से अधिक लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें यहां अस्पतालों में आईसीयू में रखा गया है। अर्जेंटीना ने यात्रा प्रतिबंधों को कड़ाई से लागू किया है और यहां व्यावसायिक उड़ानों पर आगामी एक सितम्बर तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### इजरायल में कोरोना संक्रमितों की संख्या 38,670 हुई

**यरुशलम ।** इजरायल में रविवार को कोरोना वायरस के 1207 नए मामले दर्ज किए जाने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 38,670 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि आठ मरीजों की मौत होने मृतकों की संख्या बढ़कर 362 हो गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर स्थिति वाले मरीजों की संख्या 134 से बढ़कर 151 हो गई और इस समय 514 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि 94 मरीजों के ठीक होने के बाद बीमारी से ठीक होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 19008 हो गई। जबकि देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 19300 दर्ज की गई है। हाल ही में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के बावजूद परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने रात के समय में बस संचालन फिर से शुरू करने की घोषणा की है। रेगेव ने कार्यालय और बस कंपनियों में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया। निर्णय के अनुसार शहर के मार्गों में यात्रियों की संख्या को 32 तक सीमित कर दिया गया है।

### ब्रिटेन में कोरोना से एक दिन में 21 लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है। यहां पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना से 21 लोगों मौत दर्ज की गई, जिसके बाद मतृकों का आंकड़ा 44,800 हो गया है। स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल विभाग के द्वारा जारी बयान के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना के 650 नए मामले सामने आये है और 21 लोगों की मौत हुई है। देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 289,603 तथा मृतकों की संख्या 44,819 हो गई है। शनिवार को 800 नए मामले दर्ज किए गए थे और 148 लोगों की मौत हुई थी। ब्रिटिश सरकार ने एक सप्ताह पहले देश में होटल, बार, रेस्तरां और हेयरड्रेसर को फिर से खोलने की अनुमति दी थी। शनिवार को आउटडोर पूल फिर से खोल दिए गए और अब थिएटर, नृत्य और संगीत के बाहरी प्रदर्शन की अनुमति है। 25 जुलाई से जिम और पूल फिर से खोल दिए जाएंगे।

### इंडोनेशिया के सुमात्रा में भूकंप के झटके

**हांगकांग।** इंडोनेशिया के सुमात्रा में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गई है। सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का केन्द्र 5.1447 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 94.201 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 35 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### मेक्सिको में कोरोना के कारण पहली छमाही में नौ लाख से अधिक नौकरी गई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में कोरोना वायरस के कारण इस वर्ष की पहली छमाही 921,583 लोगों की नौकरियां चली गई। मैक्सिकन इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सिक्योरिटी (आईएमएसएस) ने रविवार को बताया कि कोरोना वायरस महामारी के कारण जून में 83,311 लोगों की नौकरियां गई है। मेक्सिको ब्राजील के बाद लैटिन अमेरिकी देशों की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। छह माह के दौरान मेक्सिको में आईएमएसएस पर करीब 19.5 लाख लोगों ने नौकरियों के लिए पंजीकृत किया है।इन नौकरियों में 86.6 प्रतिशत स्थाई और 13.4 प्रतिशत अस्थाई थी।

## अभियानः आतंकियों के 4 सहयोगी गिरफ्तार गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर(आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर रविवार को उत्तरी कश्मीर के बांदीपोर जिले में आतंकवादियों के 4 सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इन्हें दो अलग-अलग तलाशी अभियानों के दौरान गिरफ्तार किया गया है। एक विशिष्ट इनपुट मिलने के बाद सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ पुलिस ने बांदीपोर के चंदरगीर इलाके में एक तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादी के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा, उसकी पहचान चंदरगीर के रहने वाले शफात अहमद डार के रूप में हुई है। उसके पास से एक जिंदा ग्रेनेड सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने कहा कि इसी तरह बांदीपोर में साधुनारा इलाके में एक तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के



तीन साथियों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान मुदासिर अहमद ख्वाजा, अब्दुल कयूम मार्गो और इशफाक अहमद डार के रूप में हुई है। ये सभी साधुनारा के निवासी हैं।

इनके पास से दो जिंदा ग्रेनेड, एक एके मैगजीन, एके -47 के 25 लाइव राउंड और एक अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर (यूबीजीएल) समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है।

### शहर के दो टोलों में घुसा बाढ़ का पानी

**दरभंगा(आरएनएस)।** बिहार के दरभंगा जिले में घनश्यामपुर प्रखंड के दो टोलों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इस स्थिति में लोग एक जगह के दूसरी जगह जाने के लिए नाव का इस्तेमाल कर रहे है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने बाढ़ की स्थिति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कमला और कोसी नदी के दोनों तटबंध के बीच में घनश्यामपुर प्रखंड के आठ टोले अवस्थित हैं, जिनमें से दो टोलों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिला प्रशासन द्वारा दोनों टोलों के लोगों के लिए दो स्थलों पर सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है।

## सीबीएसई 12वीं में 88 फीसदी से ज्यादा छात्र पास

**नइदिल्ली (आरएनएस)।** सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। बोर्ड के अनुसार इस बार 88 फीसदी से अधिक छात्र पास हुए हैं, जबकि त्रिवेंद्रम, चेन्नई और बैंगलुरू टॉप 3 जोन में शामिल हुआ है। वहीं तकरीबन 92 फीसदी लड़कियां पास हुई है। इस साल बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में कुल करीब 12 लाख 06 हजार 893 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह रिजल्ट असेसमेंट स्कीम के आधार पर जारी किया गया। रिजल्ट सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट पर उपलब्ध है। जहां से सभी स्टूडेंट्स रिजल्ट को चेक कर सकते हैं।

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड



(सीबीएसई) की 12वीं की परीक्षा में सफल छात्रों को बधाई दी है। सीबीएसई की 12वीं बोर्ड की परीक्षा के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिये गये। डॉ निशंक ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। ये नतीजे सीबीएसई की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। डॉ निशंक ने परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। उन्होंने कोविड काल में सभी छात्रों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की कामना की है। बता दें कि कोरोना वायरस के कारण सीबीएसई को लंबित बोर्ड परीक्षा रद्द करनी पड़ी थीं। हालांकि, सीबीएसई ने कहा है कि वो कक्षा 12 वीं के छात्रों के लिए एक वैकल्पिक परीक्षा आयोजित करेगा, जो अपने परिणाम में सुधार करना चाहते हैं।

## श्रीपद्मनाभ स्वामी मंदिर प्रबंधन पर शाही परिवार का अधिकार बरकरार

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नईदिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के प्रबंधन पर त्रावणकोर के पूर्ववर्ती राजपरिवार के अधिकार को सोमवार को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय खंडपीठ ने त्रावनकोर रॉयल परिवार की अपील मंजूर कर ली। राज परिवार ने केरल उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। तिरुवनंतपुरम के जिला जज की अध्यक्षता वाली कमिटी फिलहाल मंदिर की व्यवस्था देखेगी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत में केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में वित्तीय गड़बड़ी को लेकर प्रबंधन और प्रशासन का विवाद नौ सालों से लंबित था। मंदिर के पास करीब दो लाख करोड़ रु. की संपत्ति है।



माना जाता है कि यह भारत का सबसे अमीर मंदिर है। कुछ साल पहले यह मंदिर तब चर्चा में आया था जब एक लाख करोड़ से अधिक का खजाना वहां मिला था, कहते हैं कि इससे कहीं अधिक वहां के तहखानों में बंद है। अब यह मंदिर एक बार फिर से चर्चाओं में है। 2016 में यहां से 186 करोड़ रुपये का सोना चोरी भी हो गया था।

कहा जाता है कि 10वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। हालांकि कहीं-कहीं इस मंदिर के 16वीं शताब्दी के होने का भी जिक्र है। लेकिन यह काफी साफ है कि 1750 में त्रावणकोर के एक योद्धा मार्तंड वर्मा ने आसपास के इलाकों को जीत कर संपदा बढ़ाई। त्रावणकोर के शासकों ने शासन को दैवीय स्वीकृति दिलाने के लिए अपना राज्य भगवान को समर्पित कर दिया था। उन्होंने भगवान को ही राजा घोषित कर दिया था। मंदिर से भगवान विष्णु की एक मूर्ति भी मिली है जो शालिग्राम पत्थर से बनी हुई है।

### दिल्ली गेट पर आग लगने से शख्स की मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली गेट पर रविवार को देर रात आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया, हमें आधी रात को 12:04 बजे फोन आया कि दिल्ली गेट पर बीएसएनएल की इमारत के पास आग लग गई है। इसके बाद तत्काल फायर टेंडर्स को घटनास्थल पर भेजा गया। दरियागंज थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस इस दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## शहर के दो टोलों में घुसा बाढ़ का पानी

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में घनश्यामपुर प्रखंड के दो टोलों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इस स्थिति में लोग एक जगह के दूसरी जगह जाने के लिए नाव का इस्तेमाल कर रहे है।

जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने बाढ़ की स्थिति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कमला और कोसी नदी के दोनों तटबंध के बीच में घनश्यामपुर प्रखंड के आठ टोले अवस्थित हैं, जिनमें से दो टोलों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिला प्रशासन द्वारा दोनों टोलों के लोगों के लिए दो स्थलों पर सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। साथ ही पर्याप्त संख्या में सरकारी नाव का प्रबंध किया गया है।

डॉ. त्यागराजन ने कहा कि बाढ़ की संभावना को देखते हुए सभी संबंधित अंचल अधिकारियों, पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को सतर्क रहने एवं स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि घनश्यामपुर में कुमरौल के निकट बांध टूटने की वीडियो वायरल कर अफवाह फैलायी जा रही है। जो

## भार्गव पीडब्ल्यूडी और देवड़ा वित्त मंत्री बनाए गए

### मप्र में मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा

**भोपाल(आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमंडल विस्तार के 11वें दिन विभागों का बंटवारा कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने विभागों में भी फेरबदल किया है। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल में 2 जुलाई को 28 मंत्रियों को शामिल किया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पास सामान्य प्रशासन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन समेत ऐसे विभाग रखे हैं जो किसी अन्य मंत्री के पास नहीं हैं।

### ये है इनके कैबिनेट मंत्री

**नरोत्तम मिश्राः** गृह, जेल और संसदीय कार्य, विधि।
**गोपाल भार्गवः** लोक निर्माण विभाग, कुटीर और ग्रामोद्योग।
**तुलसी राम सिलावटः** जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास।
**विजय शाजः** वन विभाग।
**जगदीश देवड़ाः** वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी।
**बिसाहू लाल सिंहः** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण।
**यशोधरा राजे सिंधियाः** युवा एवं कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार।
**भूपेंद्र सिंहः** नगरीय विकास एवं आवास।
**मीना कुमारी मांडवेः** आदिम जाति कल्याण, अनुसूचिता जाति कल्याण।
**कमल पटेलः** किसान कल्याण एवं कृषि विकास।
**एंदल सिंह कंसानाः** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी।
**गोविंद सिंह राजपूतः** राजस्व एवं परिवहन।
**बृजेंद्र प्रताप सिंहः** खनिज साधन और श्रम।
**विश्वास सारंगः** चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास।
**इमरती देवीः** महिला एवं बाल विकास विभाग।
**डॉ प्रभुराम चौधरीः** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।
महेंद्र सिंह सिसौदियाः पंचायत और ग्रामीण विकास।
**प्रद्युम्न सिंह तोमरः** ऊर्जा।
**प्रेम सिंह पटेलः** पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण।
**ओम प्रकाश सकलेचाः** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।
**उषा ठाकुरः** पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म।
**अरविंद भदौरियाः** सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन।
**डॉ मोहन यादवः** उच्च शिक्षा।
**हरदीप सिंह डंगः** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण।
राजवर्धन सिंह प्रेम सिंह दत्तीगांवः औद्योगिकी निति एवं निवेश प्रोत्साहन।

राज्यमंत्री

**भारत सिंह कुशवाहः** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार), नर्मदा घाटी विकास।
**इंदर सिंह परमारः** स्कूली शिक्षा(स्वतंत्र प्रभार), सामान्य प्रशासन।
**रामलेखावन पटेलः** पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण(स्वतंत्र प्रभार), विमुक्त घुम्मकड़ एवं अर्द्धघुम्मकड़ जनजाति कल्याण(स्वतंत्र प्रभार), पंचायत एवं ग्रामीण विकास।
**राम किशोर कांवरेः** आयुक्त(स्वतंत्र प्रभार), जल संसाधन विभाग।